तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 22. 0 डिग्री

हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 16 अक्टूबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

जसगीतों से गूंज रहा माता का दरबार
पंचमी पर अर्पित किया गया ध्वज
2



खबर संक्षेप

मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के तहत 30 तक आवेदन

सक्ती। छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिभावान निम्न आय वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षण सत्र 2026-27 में राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थानों जैसे आईआईटी, एआईआईएमएस, आईआईएम, एनएलयू, एमबीबीएस, नीट एवं आईआईआईटी में चयन उपरांत प्रवेश प्राप्त करने के लिए तत्कालिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना संचालित है। योजनांतर्गत पात्र विद्यार्थियों से निर्धारित प्रपत्र में 30 अक्टूबर तक संबंधित कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, सक्ती में पंजीकृत डाक अथवा स्वयं उपस्थित होकर ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए काउंसलिंग आज

सक्ती। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने जानकारी दी है कि मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु परीक्षा परिणाम का अवलोकन विभागीय वेबसाईट पर चतुर्थ काउंसलिंग के लिए 16 अक्टूबर को प्रातः 10.30 से शाम 5 बजे तक कार्यालय आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास इंद्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर ब्लाक 5 तृतीय तल हॉल नंबर 4 में छात्र - छात्राओं को निर्धारित काउंसलिंग तिथि एवं समय पर अनिवार्य दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर भाग ले सकते है। आवासीय विद्यालय में प्रवेश की पात्रता होने पर 3 दिवस के भीतर अनिवार्यतः जिला शिक्षा अधिकारी से काउन्टर हस्ताक्षरित स्थानांतरण प्रमाण पत्र एवं जिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी सिकलसेल जांच प्रमाण पत्र के साथ काउंसलिंग में भाग ले सकते है।

सेवा सेतु केन्द्र से सिर्फ 4 दिनों में मिले आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र

जांजगीर-चांपा। सेवा संकल्प अभियान के तहत नागरिकों को शासकीय सेवाएं सरल, सहज एवं समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसी कड़ी में तहसील सारागांव के ग्राम सरवानी निवासी नंद किशोर को अपनी पुत्री के आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र सेवा सेतु केन्द्र के माध्यम से निर्धारित समय-सीमा में प्राप्त हुए। नंद किशोर ने प्रमाण पत्र बनवाने के लिए तहसील कार्यालय स्थित सेवा सेतु केन्द्र में आवेदन किया था। आवेदन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सिर्फ 4 दिनों के भीतर ही तीनों प्रमाण पत्रों की पीडीएफ उनके मोबाइल पर प्राप्त हो गई। इसके साथ ही उन्हें प्रमाण पत्रों की हार्ड कॉपी भी उपलब्ध करा दी गई। समय पर प्रमाण पत्र मिलने से संतुष्ट श्री नंद किशोर ने कहा कि सेवा सेतु केन्द्र के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज आसानी से और निर्धारित समय में मिल रहे हैं, जिससे नागरिकों को शासकीय सेवाओं का लाभ लेने में सुविधा हो रही है।

चोरी के मामले में 4 साल से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा। जिले में फरार स्थायी वारंटियों की धरपकड़ के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। मामला मुलमुला थाना क्षेत्र का है। इसी क्रम में थाना मुलमुला पुलिस ने चोरी के मामले में 4 वर्षों से फरार स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया है। आरोपी चोरी की घटना को अंजाम देकर लंबे समय से फरार चल रहा था, जिसके कारण उसके विरुद्ध स्थायी वारंट जारी किया गया था। निरीक्षक शिवानंद सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा लगातार पतासाजी कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। उल्लेखनीय है कि मुलमुला पुलिस द्वारा कुछ दिन पूर्व भी 5 साल से फरार स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

मुख्यमंत्री ने की घोषणा, 63 करोड़ की लागत से होगा निर्माण

शबरी की नगरी को विष्णु की बड़ी सौगात, महानदी पर बनेगा नया पुल



कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू व अन्य अतिथिगण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज माता शबरी की पावन नगरी शिवरीनारायण में तीन दिवसीय शिवरीनारायण महोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर महानदी पर 63 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से नए पुल के निर्माण की घोषणा की। उन्होंने नगर के गंदे पानी के समुचित शोधन के लिए एसटीपी प्लांट की स्थापना तथा राम वनगमन पर्यटन परिपथ के अंतर्गत शिवरीनारायण के विकास की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से शिवरीनारायण का विशेष महत्व है। यहां की आवश्यकताओं और भविष्य की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए अधोसंरचना एवं नागरिक सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। महानदी पर नए पुल के निर्माण से क्षेत्र में आवागमन अधिक सुगम होगा और आसपास के गांवों एवं क्षेत्रों को बेहतर संपर्क सुविधा मिलेगी। एसटीपी प्लांट की स्थापना से नगर की स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ होने के साथ महानदी के संरक्षण में भी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के चरणों से पावन हुई माता शबरी की इस धरती पर आना उनके लिए सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि माता शबरी के बुलावे पर वे सपत्नीक यहां पहुंचे हैं। शिवरीनारायण की भूमि आस्था, भक्ति और हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की प्रतीक है। उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का भी उल्लेख किया। इस अवसर पर केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू, जिला प्रभारी एवं वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पत्नी श्रीमती कौशिल्या साय, सांसद श्रीमती कमलेश जांगडे, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पांडेय, पूर्व सांसद श्रीमती कमलादेवी पाटले, पूर्व विधायक महंत रामसुंदर दास, पूर्व संसदीय सचिव अम्बेश जांगडे, पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू, अध्यक्ष जिला पंचायत इंजी. सत्यलता आनंद मिरी, अध्यक्ष नगर पंचायत शिवरीनारायण राहुल थवाईत, उपाध्यक्ष नगर पंचायत शिवरीनारायण श्रीमती सरस्वती मिलाप साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष पामगढ रंजना मानस जांगडे, संतोष लहरे, लोकेश शुक्ला, राहुल थवाईत अध्यक्ष नपं शिवरीनारायण, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत शिवरीनारायण संजय अग्रवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष नवागढ़ श्रीमती कांता कश्यप, अध्यक्ष नगर पंचायत राहौद श्रीमती प्रतिभा कश्यप, अध्यक्ष नगर पंचायत खरौद गोविंद यादव, साध्वी प्रज्ञा भारती, रामदेव कुमावत, राजेन्द्र वैष्णव, अमर सुल्तानिया, पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, प्रशांत सिंह, विकास शर्मा आदि उपस्थित थे।

शिवरीनारायण का नगर पालिका बनाने होगी पहल

शिवरीनारायण पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महानदी में नए पुल की घोषणा की। इसके साथ ही शिवरीनारायण नगर पंचायत को आने वाले दिनों में नगर पालिका का दर्जा दिलाए जाने की दिशा में शीघ्र पहल करने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिवरीनारायण को नगरपालिका बनाने की दिशा में आवश्यक सर्वे का काम अतिशीघ्र प्रारंभ होगा।

कामकाज छोड़ भजन कर रहे पटवारी, नहीं हो रहा फसल सर्वे

पीवी ऐप के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी



अनिश्चितकालीन हडताल के दौरान भजन कीर्तन करते पटवारी गण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर की जाने वाली धान खरीदी को शुरू होने में महीने भर का समय नहीं रह गया है। वहीं जिले के आधे से अधिक खसरा नंबरों का डिजीटल क्रॉप सर्वे नहीं हुआ है। खास बात यह है कि डिजीटल क्रॉप सर्वे में आ रही तकनीकी दिक्कतों को लेकर पटवारियों ने बेमियादी हडताल शुरू कर दी है। अपने हडताल के दौरान पटवारियों ने भजन कीर्तन गाकर विरोध प्रदर्शन किया।

गौरतलब है कि शासन द्वारा इस बार डिजीटल क्राप सर्वे को अनिवार्य किया गया है। शासन के आदेश के अनुसार जिस खसरे का डिजीटल क्राप सर्वे हुआ होगा, उसी खसरे में किसानों का धान बिकेगा। जिस खसरे का डिजीटल क्राप सर्वे नहीं होगा, उसमें किसान धान भी नहीं बेच सकते है। इधर जिले में जितने खसरे नंबर है, उनमें से आधे ही डिजीटल क्रॉप सर्वे में आए है, जबकि सवा दो लाख से अधिक खसरे का भौतिक सत्यापन करना है। इसके अलावा साढ़े तीन लाख से अधिक खसरा नंबर ना तो पीवी ऐप भौतिक सत्यापन में है और ना ही डिजीटल क्रॉप सर्वे में। ऐसी स्थिति में पटवारियों ने पिछले दिनों शासन प्रशासन के समक्ष ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याएं रखी थी। वहीं इस दिशा में पहल नहीं होने पर पटवारी संघ द्वारा अनिश्चितकालीन हडताल शुरू कर दी है। बेमियादी हड़ताल तीसरे दिन गुरूवार 15 अक्टूबर को जिला पटवारी संघ के बैनर तले जिले भर के पटवारी कर्मचारी भवन जांजगीर में उपस्थित हुए और वहां आदि शक्ति मां दुर्गा का भजन कीर्तन किया। पटवारी संघ का कहना है कि जब तक मांगे पूरी नहीं होती है तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

जारी रहेगा आंदोलन

डिजीटल क्राप सर्वे को लेकर बनाए गए पीवी ऐप में जिस तरह की समस्याएं आ रही है। उसके निराकरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था। बावजूद इसके शासन स्तर पर पहल होने के बजाए पटवारियों पर दबावपूर्ण कार्रवाई शुरू कर दी गई। जिसके विरोध में प्रदेश स्तर पर अनिश्चितकालीन हडताल कर रहे है। जब तक मांगे पूरी नहीं होता तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा।

-धर्मेन्द्र यादव,
जिलाध्यक्ष, जिला पटवारी संघ

अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल, आरोपी गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पीड़िता को ब्लैकमेल करने वाले आरोपी को पामगढ़ पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

इस संबंध में पुलिस के अनुसार आरोपी रूपेश भारती ने पीड़िता के नहाते समय चोरी-छिपे अश्लील फोटो-वीडियो बना लिए थे। इसके बाद इंस्टाग्राम पर वायरल करने की धमकी देकर 10 हजार रुपए वसूल लिए। इसके बावजूद आरोपी पीड़िता को लगातार परेशान कर रहा था। पैसे नहीं देने पर गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी भी देता था।पीड़िता की शिकायत पर थाना पामगढ़ में के तहत बीएनएस की धारा 296, 351(3), 77, 79 एवं 308(2) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश सूर्यवंशी, प्रशिक्षु उपनिरीक्षक कविता टंडन तथा आरक्षक भुनेश्वर पटेल और सीताराम सूर्यवंशी का योगदान रहा।

नैला दुर्गा पंडाल में उमड़ा जनसैलाब

जांजगीर-चांपा। नवरात्रि पर्व के दौरान नैला-जांजगीर में मां दुर्गा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। आकर्षक पंडालों में विराजी मां दुर्गा की दिव्य प्रतिमा के दर्शन के लिए सुबह से देर रात तक भक्त पहुंच रहे हैं। पंडालों की मनमोहक साज-सज्जा और भक्तिमय वातावरण श्रद्धालुओं का ध्यान खींच रही है। इस बार विशाल पंडाल, आकर्षक विद्युत सजावट और भव्य प्रतिमा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। नवरात्रि के चलते बढ़ती भीड़ के बीच यातायात और पार्किंग व्यवस्था बनाए रखना भी चुनौती बनी हुई है।



केंद्रीय कोटे की तीन सीट भरने को लेकर अभी पखवाड़े भर करना पड़ेगा इंतजार

जांजगीर-चांपा। मेडिकल कॉलेज जांजगीर में 50 सीट पर छात्रों के प्रवेश को लेकर काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी होनी है।

राज्य एवं केंद्रीय कोटे के करीब 47 सीट पर छात्रों का प्रवेश पूरा हो चुका है। वही अभी भी तीन सीट खाली पड़ी हुई है। ऐसे में इस सीट को भरने अभी 15 दिनों का इंतजार है। इस सीट को भरने राज्य एवं सेंट्रल कोटे से नीट परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। इसके बाद काउंसलिंग एवं अन्य माध्यम से 50 सीट पर भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की गई। राज्य कोट के 42 एवं केंद्रीय कोटे के 8 सीटों पर छात्रों को प्रवेश दिया जाना है। जिसके तहत राज्य कोटे के सभी सीटों पर छात्रों का एडमिशन कार्य पूरा कर लिया गया है केंद्रीय कोटे के 8 सीटों पर छात्रों को प्रवेश देना है जिनमें से पांच सीट भरी जा चुकी है वही अभी तीन सीट अभी भी खाली पड़ी है।

इस संबंध में मेडिकल कॉलेज जांजगीर डीन राकेश नहरैल का कहना है कि केंद्रीय कोटे की, 8 सीटों पर छात्रों को प्रवेश दिया जाना है। जिसके तहत पांच छात्रों का प्रवेश कार्य पूरा हो चुका है बाकी बचे तीन छात्रों को लेकर प्रक्रिया चल रही है एडमिशन कार्य पूरा कर लिया जाएगा

102 परिवारों की सनातन में घर वापसी, प्रबल प्रताप ने पखारे चरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जैजैपुर

नवरात्रि के चतुर्थ दिवस पर सक्ती जिले के जैजैपुर स्थित गलगलाडीह में श्रीमद् देवी भागवत कथा के मंच से 102 परिवारों की विधि-विधानपूर्वक सनातन धर्म में घर वापसी कराई गई।

धर्म जागरण समन्वय, धर्म सेना, सेवा न्याय उत्थान फाउंडेशन एवं दिलीप सिंह जूदेव फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में अखिल भारतीय घर वापसी अभियान के प्रमुख एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह जूदेव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने घर वापसी करने वाले सदस्यों के चरण पखारकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया।इस मौके पर प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने स्वर्गीय कुमार दिलीप सिंह जूदेव के संकल्पों का स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति और जड़ों से जुड़ाव ही किसी भी समाज की वास्तविक पहचान एवं शक्ति है। सनातन भारत की आत्मा है और इसकी रक्षा करना हम सभी का परम कर्तव्य है। जब तक समाज का अंतिम व्यक्ति अपनी मूल आस्था और गौरव से पुनः नहीं जुड़ जाता, तब तक घर वापसी का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। विश्व हिंदू परिषद के आचार्य राकेश ने स्वामी श्रद्धानंद, स्वामी लक्ष्मणानंद, अशोक सिंघल एवं स्वर्गीय कुमार दिलीप सिंह जूदेव का स्मरण करते हुए कहा कि इन महापुरुषों ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया। समाज को उनके बताए मार्ग पर चलकर धर्म एवं संस्कृति की रक्षा के लिए समर्पित रहना चाहिए। धर्म जागरण समन्वय की महिला शक्ति प्रांत संयोजिका अंजू गबेल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में कृष्णकांत चंद्रा सहित जनप्रतिनिधि व नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

युवा वोटरों के पंजीकरण को लेकर भरवाया जा रहा फार्म

718 केन्द्रों पर मतदाता सूची में नाम शामिल कराने चला अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती जिले के 718 मतदान केन्द्रों में पात्र मतदाताओं का नाम सूची में शामिल कराने विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके अलावा 17 वर्ष से अधिक उम्र के युवा वोटर को लेकर पंजीकरण फार्म भरवाया जा रहा है। ताकि पात्र मतदाताओं का नाम सूची में शामिल हो सके।

ज्ञात हो कि जिला सक्ती के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के 718 मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम शामिल कराने से वंचित न रहे। यदि किसी पात्र मतदाता को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, नाम में संशोधन करने अथवा निर्वाचन संबंधी कोई शिकायत या समस्या है, तो वे जिले के 718 बूथ लेवल अधिकारियों, 12 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं 03 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।



बैठक लेते कलेक्टर।

प्रशिक्षण के पश्चात बीएलओ अपने मतदान केंद्र के प्रत्येक घर तक पहुंचकर मतदाताओं से कर रहे हैं संपर्क

निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के पश्चात विशेष अभियान चलाए जा रहे है। इस विशेष अभियान के संबंध में गुरूवार 15 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती जयश्री जैन ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अभियान अंतर्गत मतदाता सूची में छूटे हुए पात्र मतदाताओं के सत्यापन तथा नए या पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं के पंजीकरण के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि विशेष अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे। ऐसे पात्र नागरिक, जो विभिन्न कारणों से मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाए हैं, उनके पंजीकरण के लिए फॉर्म-6 भरवाया जा रहा है। इसके साथ ही 17 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नए, पहली बार एवं युवा मतदाताओं के पंजीकरण के लिए भी फॉर्म-6 भरवाया जा रहा है। विशेष अभियान के अंतर्गत प्रत्येक मतदान केंद्र स्तर पर बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार एवं शनिवार को विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

नहरों के अंतिम छोर के ग्रामों में सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने के दिए गए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जिले के कुछ क्षेत्रों में किसानों को सिंचाई के लिए आ रही पानी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के समस्त कार्यपालन अभियंताओं की कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आवश्यक समीक्षा बैठक ली।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती जयश्री जैन ने सिंचाई विभाग के सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए हैं कि जिले के किसानों को सिंचाई के लिए किसी भी प्रकार से पानी की समस्या नहीं होनी चाहिए और जिला अंतर्गत नहरों के अंतिम छोर के ग्रामों में सिंचाई हेतु पानी पहुँचाए जाने की व्यस्थाए सुदृढ़ किए जाए। कलेक्टर द्वारा सिचाई विभाग के सभी मैदानी अधिकारियों, कर्मचारियों को नहरों में अंतिम छोर तक पानी पहुँचाने एवं पेट्रोलिग करने के निर्देश दिये। जिससे किसानों को तत्काल सुविधा मिल सके। सिंचाई विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर द्वारा कार्यपालन अभियंता खरसिया को सिंघरा वितरक नहर के अंतर्गत आने वाले ग्रामों सुखदा, बरतुंगा, मुड़पार, किरारी, बेल्हाडीह, कनाईडीह एवं अन्य ग्रामों में पानी की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता जल्द सुनिश्चित करने के लिए आदेशित किया। इसी प्रकार उन्होंने कार्यपालन अभियंता सक्ती को भी पिसौद, भनेतरा, लालमाटी, आमाकोनी एवं अन्य ग्रामों में नहरो से पर्याप्त मात्रा में पानी की आपूर्ति किये जाने हेतु निर्देशित किया।

खबर संक्षेप

इंदिरा गांधी महाविद्यालय में हाथ धुलाई कार्यक्रम का आयोजन



राहौद। नगर के इंदिरा गांधी कला एवं विज्ञान महाविद्यालय राहौद के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को स्वच्छता अपनाने महाविद्यालय परिसर में हाथ धुलाई कार्यक्रम का आयोजन किया। महाविद्यालय के अध्ययनरत छात्र छात्राओं ने दैनिक जीवन में हाथ धुलाई के महत्व को जाना। वहीं अस्वच्छ हाथों से फैलने वाली संक्रमण को लेकर जागरूकता फैलाई।इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो.डीके साहु , प्रो जी रात्रे एवं रासेयो के स्वयंसेवक रोशनी , राजनंदनी ,प्रीति, रमा, मुस्कान, साक्षी, निकिता, डिम्पल, अंजू, खुशी,शालिनी,रवि, टूमेश, अमन सहित छात्र -छात्राओं उपस्थित थे।

विधायक ने विभिन्न ग्रामों में भूमिपूजन एवं लोकार्पण कर विकास कार्यों को दी गति



अकलतरा। विधानसभा क्षेत्र के विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह ने गुरुवार को क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रमों में शामिल होकर ग्रामीणों से भेंट-मुलाकात की और उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। विधायक श्री सिंह ने ग्राम कोटगढ़, पिपरदा, अमलीपाली, सांकर एवं फरहदा में ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने ग्रामवासियों का हालचाल जाना तथा गांवों के विकास, मूलभूत सुविधाओं और जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा की। विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण के माध्यम से उन्होंने क्षेत्र में विकास गतिविधियों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। श्री सिंह ने उनकी बातों को गंभीरता से सुनते हुए जनसमस्याओं के निराकरण तथा क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही। विधायक ने कहा कि जनता से सीधा संवाद, उनकी समस्याओं का समाधान और गांवों का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है। कार्यक्रम में छोटेलाल कंवर सरपंच कोटगढ़, धरम पटेल सरपंच पिपरदा, उषा कन्हैया गन्धर्व सरपंच अमलीपाली, नीलेश सिंह जनपद सदस्य सांकर, ममता सोहन विश्वकर्मा सरपंच फरहदा, सुशील, महेंद्र सिंह, आजुलाल, मनीष सिंह, बहोरण सिंह,बेदी यादव,सहस यादव,हिमांशु राज, प्रभा सिंह, शिवराम साहू, बद्री साहू, मनमोहन सिदार, छतराम साहू, आलोक पांडे, डोलनारायण पटेल, घनश्याम यादव,काशी राम यादव, प्रतिपाल सिंह,विजेंद्र गौतम, मुकेश कौशिक, दिनेश मिरी सहित ग्राम एवं क्षेत्रवासी शामिल थे।

सेवा सेतु केन्द्र से सिर्फ 4 दिनों में मिले आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र

जांजगीर-चांपा। सेवा संकल्प अभियान के तहत नागरिकों को शासकीय सेवाएं सरल, सहज एवं समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसी कड़ी में तहसील सारागांव के ग्राम सरवानी निवासी नंद किशोर को अपनी पुत्री के आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनवाने के लिए तहसील कार्यालय स्थित सेवा सेतु केन्द्र में आवेदन किया था। सेवा सेतु केन्द्र के माध्यम से सिर्फ चार दिनों के भीतर आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र प्राप्त हो गए है।

निधन

रामफल कश्यप

बिर्रा। गौरव ग्रामपंचायत मल्दा के प्रतिष्ठित नागरिक रामफल कश्यप का गुरुवार 15 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 54 वर्ष के थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता रोता बिलखता छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ सुपुत्र ईश्वर प्रसाद कश्यप ने दी। उनके अंतिम यात्रा में परिजन, स्वजातीय बंधुओ के अलावा ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

महामाया मंदिर में 896 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित, सप्तमी पर होगी विशेष पूजा-अर्चना

जसगीतों से गूंज रहा माता का दरबार पंचमी पर अर्पित किया गया ध्वज



हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



मंदिर में जगमगा रहे आस्था के ज्योत।

शारदीय नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर रामसागर तालाब के समीप स्थित अकलतरा के प्राचीन मां महामाया मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास का अनुपम वातावरण बना हुआ है। आदिशक्ति मां महामाया के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का परिचायक मंदिर में प्रज्वलित 896 मनोकामना ज्योति कलश हैं, जिनमें 690 तेल ज्योति कलश एवं 206 घृत ज्योति कलश शामिल हैं। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन-पूजन के लिए पहुंच रहे हैं और परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य तथा खुशहाली की कामना कर रहे हैं। मंदिर प्रबंध समिति के सौरभ सिंह, अनिल सिंह, नंद कुमार चौधरी एवं रविन्द्र साहू ने बताया कि नवरात्रि के नौ दिनों तक मंदिर में धार्मिक परंपराओं का निर्वहन पूरी श्रद्धा और विधि-विधान के साथ किया जा रहा है। पंचमी तिथि पर प्राचीन परंपरा के अनुसार मां महामाया को ध्वज अर्पित किया गया। ध्वज अर्पण को माता के प्रति समर्पण, अटूट विश्वास और मंगलकामना का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने बताया कि सप्तमी तिथि पर मां महामाया की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। वहीं, नवमी के पावन अवसर पर हवन-पूजन के पश्चात भंडारे का आयोजन प्रस्तावित है। मंदिर में प्रज्वलित 896 मनोकामना ज्योति कलशों की देखरेख के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। रतनपुर से आए प्रशिक्षित लोग ज्योति कलश कक्ष में चौबीस घंटे निगरानी कर रहे हैं, ताकि नवरात्रि के पूरे नौ दिनों तक ज्योतियां निरंतर प्रज्वलित रहें। मंदिर के पुजारी श्यामसुंदर दुबे एवं हेमंत कुमार दुबे द्वारा प्रतिदिन धार्मिक परंपराओं के अनुरूप पूजा-अर्चना और आरती संपन्न कराई जा रही है।छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक-सांस्कृतिक परंपरा का अभिन्न अंग जसगीत नवरात्रि के उल्लास को और अधिक विशेष बना रहे हैं। मंदिर परिसर में महिला कीर्तन मंडलियों द्वारा मां दुर्गा की महिमा का गुणगान किया जा रहा है। देवी गीतों की प्रस्तुतियों के बीच श्रद्धालु भक्ति भाव से सराबोर होकर माता की आराधना कर रहे हैं।

सिवनी गांव में शारदीय नवरात्रि पर्व की धूम

बहेराडीह-चांपा। चांपा से लगे ग्राम सिवनी में शारदीय नवरात्रि बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जा रहा हैं। ग्राम सिवनी के मुख्य प्रवेश द्वार पर पश्चिम में कोरबा रोड सिवनी चौक पर टेराकोटा थीम पर निर्मित भव्य पंडाल में चांपा की महारानी विराजमान हैं, वही सिवनी प्रवेश करने पर सबसे पहले श्रीबंध तालाब के नजदीक मां सर्वमंगला विराजित है जहां 187 तेल एवं 21 घी के मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित हैं, साथ ही कलश, ज्वारा सहित घट स्थापना की गई हैं। ग्राम के हृदय स्थल बाजार चौक में माता अपने 9 रूपों में विराजमान हैं, जहां 246 मनोकामना तेल ज्योतिकलश प्रज्ज्वलित हैं। इसी रास्ते से और आगे बढ़ने पर ग्राम सिवनी की कुलदेवी माँ सम्लेश्वरी विराजित हैं जहां तेल के 90 एवं घी के 19 सहित कुल 109 मनोकामना ज्योतिलकलश प्रज्ज्वलित किया जा रहा हैं, साथ ही यहां भी कलश, ज्वारा एवं घट स्थापना किया गया हैं, ग्राम के अंतिम छोर उत्तर दिशा में माँ मड़वारानी विराजित हैं, जहां तेल 108 व घी के 6 सहित कुल 114 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया जा रहा है, यहाँ भी कलश ज्वारा घट स्थापना किया गया हैं, ग्राम के पूर्व दिशा मुख्य मार्ग में अम्हातालाब के समीप बूढ़ी माता विराजित है यहां भी श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की जा रही है। ग्राम सिवनी के दक्षिण प्रवेश द्वार पर भक्तों द्वारा माँ की विधिवत प्रतिमा स्थापित कर के भक्तों द्वारा नियमित पूजा अर्चना किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम के विभिन्न मोहल्ला जिनमें तारपारा, ब्राह्मण मोहल्ला, बंगला चौक, ब्रह्मदेव चौक, पुराना नवधा चौक, बजरंग चौक, एवं सारथी मोहल्ला में भी मातारानी की दिव्य प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजन किया जा रहा हैं। संध्याकाल होते ही गांव कि रौनक देखते ही बन रही है शाम होते ही माताएं बहनें घर आंगन में मनभावन रंगोली बनाकर दीप प्रज्ज्वलित कर उत्साह मना रही हैं।



देवी मंदिरों में ज्योत कलश प्रज्जवलित, विधि विधान से हो रही पूजा-अर्चन



देवरी-सारागांव। नगर पंचायत सारागांव सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में शारदीय नवरात्र पर्व श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। नवरात्र के अवसर पर नगर एवं गांवों के प्रमुख चौक-चौराहों में मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। वहीं, नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न देवी मंदिरों में विधि-विधान के साथ ज्योत कलश की स्थापना की गई है। मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। शारदीय नवरात्र का पर्व 11 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 20 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान श्रद्धालु नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना करेंगे। नवरात्र हिंदू धर्म के प्रमुख पर्वों में से एक है, जो मां दुर्गा की आराधना और शक्ति उपासना को समर्पित है। नवरात्र के प्रथम दिन अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि पर मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई। इसी दिन शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना कर नवरात्र पर्व का शुभारंभ किया गया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां शैलपुत्री की विधिवत पूजा करने से जीवन में सुख-समृद्धि और शुभ फल की प्राप्ति होती है। नौ दिनों तक चलने वाले इस पर्व में श्रद्धालु व्रत रखकर माता रानी की आराधना करेंगे। शाम के समय देवी मंदिरों में आरती, भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। नवरात्र पर्व को लेकर नगर एवं ग्रामीण अंचलों में उत्साह और भक्तिमय वातावरण बना हुआ है।

हरि लीला ट्रस्ट का आयोजन 'भक्ति राग जांजगीर' आज, शहनाज की भजन संध्या में झूमेंगे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा





- हाईस्कूल मैदान में होगा आयोजन, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू होंगे शामिल, छत्तीसगढ़ की 10वीं-12वीं प्रावीण्य सूची में जिले के टॉप-10 विद्यार्थियों को मिलेगा सम्मान

नवरात्रि की भक्ति, जांजगीर-नैला की सांस्कृतिक परंपरा और समाजसेवा के संकल्प को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से हरि लीला ट्रस्ट, बनारी, नैला-जांजगीर द्वारा शुक्रवार 16 अक्टूबर को 'भक्ति राग जांजगीर एक शाम मां के नाम' का आयोजन किया जा रहा है। हाई स्कूल मैदान में शाम 7 बजे से होने वाली इस भक्ति संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर प्रस्तुति देंगी। आयोजन में प्रवेश निःशुल्क रहेगा। कार्यक्रम में जिले के उन तीन होनहार विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने छत्तीसगढ़ की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की प्रावीण्य सूची में टॉप-10 में स्थान बनाया है। प्रत्येक चयनित विद्यार्थी को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र और 21 हजार रुपए की सम्मान राशि प्रदान की जाएगी।

कार्यक्रम में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। क्षेत्रीय सांसद कमलेश जांगड़े, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, जांजगीर-चांपा विधायक व्यास कश्यप, अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह और जिला भाजपा अध्यक्ष अम्बेश जांगड़े सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति रहेगी। 16 अक्टूबर हरि लीला ट्रस्ट के अध्यक्ष लीलाधर सुल्तानिया का जन्मदिन भी है। ट्रस्ट इस अवसर को व्यक्तिगत उत्सव तक सीमित रखने के बजाय जनहित, सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक सहभागिता से जोड़कर मनाता है। इसी सोच के तहत इस वर्ष भक्ति संध्या के साथ जिले की शैक्षणिक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की पहल की गई है। ट्रस्ट अध्यक्ष लीलाधर सुल्तानिया ने कहा कि जांजगीर-नैला की पहचान नवरात्रि के भक्तिमय आयोजनों और जनभागीदारी से है। 'भक्ति राग जांजगीर' इसी परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास है। हरि लीला ट्रस्ट के सचिव अमर सुल्तानिया ने कहा कि समाज की उन्नति के लिए शिक्षा, प्रतिभा और सकारात्मक प्रयासों को प्रोत्साहित करना जरूरी है। छत्तीसगढ़ की 10वीं और 12वीं की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले जिले के विद्यार्थियों का सम्मान इसी सोच का हिस्सा है।

उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाने के साथ दूसरे बच्चों को भी मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण की प्रेरणा देते हैं। हरिलीला ट्रस्ट प्रतिभा का सम्मान और उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ हर साल जिले के ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने छत्तीसगढ़ की कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं प्रावीण्य सूची के टॉप 10 में स्थान बनाया हो उनका मंच से सम्मानित करता आया है। इसी कड़ी में इस साल भी तीन विद्यार्थियों जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर चाम्पा से कक्षा 12वीं में टॉप 10 में स्थान बनाने वाली खुशबू देवांगन और कक्षा 10वीं के टॉप टेन में स्थान बनाने वाले विवेकानंद उत्तर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर के दो छात्र नैतिक गौतम व लोकेश राठौर को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र और 21000 रुपए की राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। सेवा, समर्पण और सद्भाव का संकल्प-हरि लीला ट्रस्ट स्वास्थ्य शिविरों, जरूरतमंदों को चिकित्सा सहायता, दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग, श्रवण यंत्र और व्हीलचेयर उपलब्ध कराने, निर्धन परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग, अन्न सेवा तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे कार्यों में सक्रिय है।

पोड़ी में शरद संगीत समारोह 25 को

नवागढ़। जनपद पंचायत नवागढ़ के अंतर्गत सत्य निज नाम बोध संस्थान पोड़ी आध्यात्मिक केंद्र में गुरु घासीदास संगीत महाविद्यालय हसौद और संस्कार भारती जिला सक्ती के संयुक्त तत्वाधान में शरद संगीत समारोह का आयोजन 25 अक्टूबर रविवार को दोपहर 2 बजे से रखा गया है। दोपहर में स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति होगी। इसके बाद रात्रि 8 बजे से आगंतुक कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। इस संबंध में संस्कार भारती जिला सक्ती के महामंत्री मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि शरद पूर्णिमा के अवसर पर 25 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से गुरु घासीदास संगीत महाविद्यालय हसौद का वार्षिकोत्सव शरद संगीत समारोह 2026 का आयोजन रखा गया है। राजकुमारी इंदिरा सिंह कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के शास्त्रीय गायन शुभम ठाकुर, शुगम गायन प्रिया श्रीवास, कथक नृत्य श्रीता देवांगन, तबला रामचंद्र सर्पे , वाद्य बृंद वायलिन मनीषा श्रीवास, उदित सरकार ,सरोद गरिमा , सितार इक्षेश सेठिया, बांसुरी देवेंद्र शर्मा, नाटक घनश्याम साहू पंडवानी हर्ष चंद्राकर आदि कलाकारों की प्रस्तुति होगी।

जगह-जगह विराजी मां दुर्गा



बांबे मार्केट शिवरीनारायण।



शिवरीनारायण के डोंगा घाट में विराजी मां दुर्गा।



महावीर चौक शिवरीनारायण।



लंबा दुकान शिवरीनारायण।



वॉर्ड नम्बर 14



वॉर्ड नम्बर 3



बाबा घाट में विराजी मां दुर्गा।



तुमसा रोड़



केरा चौंक



रामायण चौंक



नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति बाजार पारा तालदेवरी

पांचवे दिन व्यास आचार्य मनोज पांडे ने शक्ति उपासना के महत्व पर डाला प्रकाश

शक्तिहीन को न आत्मा की न परमात्मा की प्राप्ति, शक्ति की आराधना से ही मिलती है शांतिः पांडेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा





समीपस्थ ग्राम बनारी के मनका दाई मंदिर में आयोजित देवी भागवत कथा के पांचवे दिन व्यास आचार्य मनोज कुमार पांडे ने शक्ति उपासना के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शास्त्रों में कहा गया है - नायमात्मा बलहीनेन लभ्यः अर्थात शक्तिहीन को न आत्मा की और न परमात्मा की ही प्राप्ति होती है।

व्यास जी ने कहा कि आज विश्व में सर्वत्र भीषण अशांति छाई हुई है। लोग रोग-शोक से ग्रसित होते जा रहे हैं। हिंसा, भ्रष्टाचार आदि कुप्रवृत्तियां दिनानुदिन बढ़ रही हैं। सभी विकास के नाम पर मूढ़तावश महाविनाश की तैयारी में लगे हैं। इसका एकमात्र कारण शक्ति की आराधना से विमुख होना ही है।ब्रह्ममयी माँ की उपासना-आराधना से मनुष्य सद्यः विशिष्ट शक्ति लाभ करता है। परमवत्सला सर्वशक्तिदात्री मां का ध्यान-वंदन करने से साधक सर्वसद्गुणों का पुंज हो जाता है। उसका अंतर्मन दिव्य आलोक से प्रकाशित हो जाता है।उन्होंने कहा कि विश्व में जितने भी जड़-चेतन पदार्थ हैं, वे सभी अपनी-अपनी शक्ति से ही अपने अस्तित्व को रखते हैं, अतः शक्ति विश्वमय और विश्वाधार है। प्रत्येक जीव जाने-अनजाने शक्ति की पूजा करता है, किंतु उसके शुद्ध स्वरूप को न जानकर मोहित हो रहा है। सच्ची शक्ति को पहचानकर जीव दुःख और मृत्यु को जीत लेता है। मनसा-वाचा-कर्मणा पवित्र होकर निष्ठायुक्त अखंड साधना के फलस्वरूप साधक परम प्रेमस्वरूपा शक्ति माता का दर्शन करता है। उसकी प्रज्ञा प्रखर हो जाती है। उसके अंतःकरण में एक ऐसे तेज और शक्ति का प्रकाश होता है, जिसके संपर्क में आने वाला असाधु साधु हो जाता है, नास्तिक भी भगवद्भक्त हो जाता है। परमाराध्या मां पग-पग पर हमारी सार-संभाल करती है। जिस माँ को हम दूर समझकर दुःखी और असहाय बने रोते हैं, वह हमारे अत्यंत निकट है। देवी की स्तुति में देवताओं ने कहा है -या देवी सर्वभूतेषु चेतनेत्यभिधीयते। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥ जो देवी चेतना रूप से सब प्राणियों में बसी हुई है, हममें जो चैतन्य है वह देवी के अस्तित्व का ही द्योतक है। आगे कहा है - या देवी सर्वभूतेषु बुद्धिरूपेण संस्थिता। देवी सब प्राणियों में बुद्धि रूप बनकर रहती है। हम विचार इसीलिए कर पाते हैं कि मां बुद्धि रूप होकर सहायता देती है। या देवी सर्वभूतेषु निद्रारूपेण संस्थिता। दिनभर काम करते-करते जब हम थक जाते हैं, तब माँ नींद बनकर हमारे पास आती है, रोज आती है, बिना बुलाए स्वयं आती है, परंतु हम उसे पहचान नहीं पाते। या देवी सर्वभूतेषु क्षुधारूपेण संस्थिता। मां ने हमें शरीर दिया है, इसलिए वह चाहती है कि हम उसकी रक्षा करें। अतः मां क्षुधा रूप से इस शरीर की रखवाली में हमारी सहायता करती है।



15 JANJ-JULY PG-3- Full page_Layout 1 10/15/2026 11:52 PM Page 1




हरि लीला ट्रस्ट
सेवा समर्पण सद्भाव
आप सभी को नवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ ....
श्रीमती कमलेश जांगड़े जी
सांसद, जांजगीर-चाम्पा लोकसभा
श्री सौरभ सिंह जी
अध्यक्ष, छ.ग. खनिज विकास निगम
श्री नारायण चंदेल जी
पूर्व नेता प्रतिपक्ष, छ.ग. विधानसभा
श्री व्यास कश्यप जी
विधायक, जांजगीर-चाम्पा
श्री राघवेन्द्र सिंह जी
विधायक, अकलतरा
श्री अम्बेश जांगड़े जी
जिला अध्यक्ष, भाजपा, जांजगीर-चाम्पा
श्री लीलाधर सुल्तानिया जी
ताऊजी
अध्यक्ष, हरि लीला ट्रस्ट एवं वरिष्ठ समाजसेवी
लीलाधर सुल्तानिया जी
अध्यक्ष, हरि लीला ट्रस्ट
मान. श्री तोखन साहू जी
केन्द्रीय राज्य मंत्री
केंद्रीय राज्य मंत्री, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ...
भजन गायिका
शहनाज अख्तर
भक्ति राग
जांजगीर
एक शाम... माँ के नाम
छत्तीसगढ़ के
प्रावीण्य सूची (टॉप 10) में
10वीं एवं 12वीं
जांजगीर-चाम्पा जिले के
मेधावी छात्र/छात्राओं का
सम्मान
दिनांक : 16.10.2026, शुक्रवार * समय : शाम 7.00 बजे से * स्थान : हाईस्कूल मैदान, जांजगीर
आप समस्त अतिथियों एवं आगन्तुकों का हार्दिक स्वागत करता है....
विक्रांत अग्रवाल
दीपक सिंघानिया
अखिल बंसल
आकाश सिंघानिया
अनुभव अग्रवाल
विकुंज अग्रवाल
मुकेश भोपालपुरिया
प्रवीण अग्रवाल
पंकज अग्रवाल
राकेश अग्रवाल
आशीष गोयल
आशीष अग्रवाल
सुनील अग्रवाल
प्रदीप सोनी
सतीश अग्रवाल
संदीप अग्रवाल
नवदीप अग्रवाल
अंकित अग्रवाल
हिमांशु अग्रवाल
चमन अग्रवाल
अर्पित पालीवाल
तुषार अग्रवाल
नटवर अग्रवाल
पीयुष सराफ
सी.ए. गोपाल अग्रवाल
सी.ए. मयंक अग्रवाल
सी.ए.आयुष अग्रवाल
सी.ए. अंकित अग्रवाल
सौरभ अग्रवाल
राहुल अग्रवाल
संजय सुल्तानिया
सक्षम अग्रवाल
आदित्य ओपालपुरिया
प्रतीक खेमुका
आकाश बंसल
विपुल अग्रवाल
लव अग्रवाल
अंकित अग्रवाल
आकाश अग्रवाल
प्रियेश अग्रवाल
आकाश मोदी
राहुल गोयल
विवेक अग्रवाल
बांके झाझड़िया
अजय अग्रवाल
तनय अग्रवाल
चेतन अग्रवाल
शशांक शाह
संगम गुप्ता
दीपक झाझड़िया
अभिषेक अग्रवाल
आयुष गर्ग
मोहित बसईवाल
प्रिंस अग्रवाल
विवेक अग्रवाल
आर्यन अग्रवाल
रिशी अग्रवाल
अंशु अग्रवाल
निकुंज अग्रवाल
विशाल बंसल
भव्य गोयल
सुनील सिंघानिया
दीपक अग्रवाल
प्रथम बंसल
अरमान शर्मा
पूनम अग्रवाल
अनिता अग्रवाल
ममता मोदी
सुनीता मोदी
शिखा अग्रवाल
अनुपमा गोयल
सपना झाझड़िया
कल्याणी भोपालपुरिया
प्रियंका मोदी
ममता गोपालपुरिया
ममता बसईवाल
वीना बंसल
रेखा अग्रवाल
बबीता गर्ग
मनीषा अग्रवाल
पूनम अग्रवाल
सरिता झाझड़िया
कुसुम पालीवाल
रजनी भोपालपुरिया
मंजू बसईवाल
संगीता भोपालपुरिया
अंजू अग्रवाल
अनिता बंसल
सुधा झाझड़िया
गीता अग्रवाल
शेफाली बंसल
तनु जिंदल
सोनल पालीवाल
पूनम अग्रवाल
मेघा अग्रवाल
गायत्री मित्तल
श्वेता सराफ
संगीता मित्तल
बरखा गोयल
बबीता धानुका
कंचन अग्रवाल
मधु शर्मा
सरोज अग्रवाल
सोनीना पालीवाल
खुशबू अग्रवाल
कीर्ति पालीवाल
ज्योति मित्तल
लक्ष्मी अग्रवाल
शीला मित्तल
ममता अग्रवाल
पिंकी शर्मा
खुशबू अग्रवाल
खुशबू शर्मा
प्रीति अग्रवाल
काजल अग्रवाल
मनीष तिवारी
हितेश यादव
धर्मेन्द्र राठौर
सुधीर झाझड़िया
मुकेश भोपालपुरिया
जितेन्द्र खाण्डे
साकेत तिवारी
प्रकाश शर्मा
सुनील पाण्डेय
वृंदावन सिंह
वीरेन्द्र सिंह
विवेक सिंह
जितेन्द्र तिवारी
भूपेन्द्र सिंह
रामेश्वर पटेल
संतोष राठौर
रमेश सोनवानी
मणिकांत अग्रवाल
पुष्पेन्द्र निर्मलकर
आशीष गोयल
प्रवीण अग्रवाल
रवि पाण्डेय
संदीप पाण्डेय
राजेन्द्र साहू
अविनाश द्विवेदी
हितेश साहू
डिगेश मनहर
सोनू यादव
सागर राठौर
कमल राठौर
अंशु राठौर
कुलदीप
गोलु दुबे
पिंकू राठौर
बादल बजाज
गजेन्द्र कर्ष
अमर सुल्तानिया
जनसेवक जांजगीर-चाम्पा
HARI KESHRI
आयोजक :
हरि लीला ट्रस्ट बनारी नैला-जांजगीर
Swaad Bhi, Swaasth Bhi